भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1956
दिनांक 11 मार्च, 2025 / 20 फाल्गुन, 1946 (शक) को उत्तर के लिए

बीएडीपी के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

†1956. श्री राजू बिष्टः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तरी दिनाजपुर जिलों में 2019 से बीएडीपी के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तरी दिनाजपुर जिलों में 2019 से बीएडीपी के तहत शुरु की गई प्रत्येक परियोजना/कार्य के लिए ब्लॉकवार कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ग) 2019 से इन जिलों में बीएडीपी के तहत शुरु/निर्माणाधीन/पूरे हो चुके कार्यों की स्थिति क्या है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग): वर्ष 2019-20 से अब तक, दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तरी दिनाजपुर जिलों में बीएडीपी के अंतर्गत आने वाले वासस्थानों के लिए रु.78.01 करोड़ के अनुमानित राशि के 403 परियोजनाओं/कार्यों को स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत परियोजनाओं, समय से शुरू नहीं किये जाने के कारण स्थगित परियोजनाओं/कार्यों, पूर्ण हो चुके परियोजनाओं/कार्यों और वर्तमान में कार्यान्वित परियोजनाओं/कार्यों का, जिलावार विवरण, निम्नानुसार है:

जिले	स्वीकृत कार्यों की संख्या	स्थगित किये गए कार्यों की संख्या	क्रियान्वित कार्यों की संख्या	संपन्न कार्यों की संख्या	चल रहे कार्यों की संख्या
दार्जिलिंग	185	27	158	157	01
कालिम्पोंग	47	4	43	43	-
उत्तर दिनाजपुर	171	28	143	141	02

बीएडीपी के अंतर्गत, कार्यान्वयन के परिचालन हेतु प्राधिकृत होने के कारण, राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन संबंधित जिला प्रशासन को निधि के आवंटन के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है।

****